6 APRIL- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 4/6/2025 9:44 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 7 अप्रैल 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


4 मारवाड़ी युवा मंच की पहलः दो वाटर कूलर का किया लोकार्पण



## खबर संक्षेप

### महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी एवं समस्त पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने पोषण ट्रेकर एप में चेहरा प्रमाणीकरण प्रणाली (एफआरएस) के प्रगति कम होने पर परियोजना अधिकारी एवं सभी सेक्टर पर्यवेक्षकों के कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए सुधार किए जाने, समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों का सतत निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण करने, आंगनबाड़ी केन्द्र के सभी रिकार्ड संधारित करने, गर्भवती, शिशुवती महिलाएं जो आंगनबाड़ी केन्द्र नहीं पहुंच पाती, उनके लिए टिफिन व्यवस्था कराए जाने साथ ही जो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लंबे समय से अपने कार्य पर अनुपस्थित हैं उन कार्यकर्ताओं पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उक्त समस्त योजनाओं की प्रगति की समीक्षा अगले बैठक में की जाएगी। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी जेआर प्रधान द्वारा पोषण अभियान 8 से 22 अप्रैल के मध्य आयोजित पोषण पखवाड़ा के तहत मैदानी स्तर पर आयोजित किए जाने वाली समस्त गतिविधियों के आयोजन पूर्व तैयारी करने के लिए निर्देश दिए गए।

### एसईसीएल प्रबंधक से साफ-सफाई की मांग



**मनेन्द्रगढ़।** उपक्षेत्रीय प्रबंधक झगराखाण्ड एमके महतो से एकतानगर वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद श्रीमती कविता जगदीश मधुकर ने वार्ड में फैली गंदगी की सफाई के लिए मांग की। पार्षद ने सभी कालोनियों के घरों के पीछे फैली गंदगी एवं नालियों में जाम गंदगी की सफाई के लिए उपक्षेत्रीय प्रबंधक झगराखांड़ से जल्द सफाई करवाने की अपील की है। वहीं वार्ड को स्वच्छ साफ-सुथरा रखने में आपकी सहयोग की आवश्यकता है, इससे वार्ड में सफाई कार्य हो सके। श्रीमती कविता जगदीश मधुकर ने फोन के माध्यम से उपक्षेत्रीय प्रबंधक से बात कर वार्ड की सफाई व्यवस्था से अवगत कराया एवं ऑफिस में पत्र दिया। इस पर उपक्षेत्रीय प्रबंधक के द्वारा जल्द फैली गंदगी की सफाई करवाने के लिए आश्वासन दिया गया।

### अध्यक्ष ने वार्डों का किया निरीक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** खोंगापानी वार्ड 8 के



जनता द्वारा काफी समय से साफ-सफाई को लेकर शिकायते आ रही थी, जिसे संज्ञान में लेकर शुक्रवार को वार्ड 8 का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड में काफी गंदगी व्याप्त रूप से पाई गई। नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती ललिता रामा यादव द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। वार्ड भ्रमण के दौरान पार्षद जितेन्द्र गुप्ता, पूर्व नेता प्रतिपक्ष जगदीश मधुकर, पार्षद सुरेश चौधरी सहित वार्डवासी अब्दुल अजीज, नवेल प्रकाश सिंह, शेख वसीम गोल्डी, पिंटू भास्कर, गोविंद यादव, रज्जू महाराज के सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मौसम साफ होने पर किसान हुए सक्रिय

**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में दो दिनों से हो रहे मौसमी बदलाव के बाद 6 अप्रैल को सुबह से ही धूप खिली रही। हालांकि आसमान में हल्के बादल बने रहने से तेज धूप महसूस नहीं हुई। मौसम साफ होते ही किसानों ने खेतों में गेहूं की थ्रेसिंग जैसे कृषि कार्यों में जुटना शुरू कर दिया। वहीं महुआ संग्रहण में लगे संग्राहक सुबह भोर से दोपहर तक पूरे परिवार के साथ महुआ बीनने में व्यस्त नजर आए। सोनहत ब्लॉक के रामगढ़, नटवाही, सिंघोर, चंदहा, बंसीपुर, कछाड़ी, रेवला सहित अन्य गांवों में महुआ फसल इस सीजन में काफी कम हुई है। संग्राहकों के अनुसार महुआ की आवक घटने से गरीब वर्ग की आमदनी पर असर पड़ा है। इसके अलावा महुआ व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। व्यापारियों ने बताया कि फसल की कम उपलब्धता के कारण बाजार में महुआ की कीमतें शुरूआती दौर में ही ऊंची हो गई हैं। महुआ फसल की कम पैदावार से खंड स्तर के व्यवसाय भी प्रभावित हो सकते हैं।

## जगह-जगह कन्या भोज का आयोजन, दिनभर चला हवन-पूजन, ज्वारा विसर्जन यात्रा भी निकली

# रामनवमीं पर मंदिरों में उमड़ी आस्था की भीड़



पूजा-अर्चना के लिए लगी भीड़।



प्रेमाबाग में हवन-पूजन करते श्रद्धालु।



ओड़गीनाका में निकली ज्वारा विसर्जन यात्रा।



मंदिर प्रांगण में आयोजित कन्या भोज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि को देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही उमड़ी रही और दोपहर बाद तक श्रद्धालु देवी के दरबार में मत्था टेकने एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते रहे। देवी का दरबार माता के जयकारे से गूंजता रहा और माता के जसगीत से भक्तिमय वातावरण बना रहा।

वहीं नवमी तिथि रविवार को हवन पूजन से मंदिर परिसर सुवासित हो उठा। इस दिन काफी संख्या में भक्तजन विभिन्न देवी मंदिरों में मत्था टेकने एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते रहे। अंचल का प्रमुख आस्था का केन्द्र मां रमदईया धाम में नवमी तिथि को भक्तों की भारी भीड़ पूजा-अर्चना के लिए जुटी रही। यहां सुबह से ही माता के दर्शन एवं पूजा -अर्चना के लिए भक्त जुटते रहे, इसके अलावा एमसीबी जिले के खड़गवां के निकट चनवारीडॉड़ स्थित मॉ महामाया मंदिर में भी अंतिम दिन सुबह से लेकर देर अपरान्ह तक भक्तों की भीड़ जुटी रही। इसी तरह एमसीबी जिले के जनकपुर क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर स्थित आस्था केन्द्र में काफी संख्या में अंतिम दिन श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे, इसके अलावा कोरिया-एमसीबी जिले के ग्रामीण अंचलों के देवालयों में भी भक्तिभाव के साथ चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन पूजा-अर्चना की गई।

### ज्वारा विसर्जन की निकली झांकी

चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि को कई जगहों से ज्वारा की झॉकी निकाली गई। इस दौरान झॉकी का नजारा देखते ही बन रहा था। महिलाएं ज्वारा को बर्तन में रखकर अपने सिर पर ढोकर चलते रही और उसके आगे कुछ लोग झूमते हुए चल रहे थे। जानकारी के अनुसार ओड़गी नाका बैकुंठपुर क्षेत्र से रविवार दोपहर के समय ज्वारा की झॉकी भक्तिभाव के साथ निकाली गई। वहीं जिले के कई क्षेत्रों में नवमी तिथि को ज्वारा विसर्जन की झॉकी निकाली गई, वहीं ज्यादातर क्षेत्रों में रामनवमी के दूसरे दिन आज सोमवार को ज्वारा विसर्जन की झॉकी निकाली जाएगी। जानकारी के अनुसार शहर के निकट प्रमुख आस्था केन्द्र मॉ रमदइयां धाम से 7 अप्रैल को भव्य ज्वारा विसर्जन की झॉकी निकाली जाएगी।

### देवराहा बाबा सेवा समिति ने कराया कन्याभोज

चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि को जगह-जगह हवन-पूजन के साथ कन्या भोज का आयोजन किया गया, इसके अलावा लोगों के द्वारा अपने घरों में भी कन्या भोज कार्यक्रम कराया गया। जानकारी के अनुसार रामनवमी के अवसर पर देवराहा बाबा सेवा समिति बैकुंठपुर द्वारा दुर्गा मंदिर पे्रमाबाग में कन्या भोज का आयोजन कराया गया। इस दौरान हवन-पूजन का कार्यक्रम भी पूरे दिन प्रेमाबाग मंदिर परिसर में संचालित रहा।



मनेन्द्रगढ़। रेल्वे इंस्टिट्यूट में आंध्र समाज ने श्रीराम नवमी पर विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर श्रद्धालु की काफी संख्या में भीड़ लगी।

## पुरातात्विक गढ़ा दाई मंदिर में कन्या भोज



**मनेन्द्रगढ़।** जगत जननी मां भगवती की आराधना के विशिष्ट पर्व चैत्र मास के वासंतिक नवरात्र की नवमी पर भक्ति और श्रद्धा चरम पर रही। श्रद्धालुओं ने नवमी पर हवन-पूजन के साथ कन्या भोज कराया। श्रद्धालुओं ने मां के नौवें स्वरूप सिद्धदात्री का विशेष पूजन किया। रविवार को श्रीराम मंदिर, शीतला मंदिर, शारदा मंदिर, आमाखेरवा रोड स्थित दुर्गा मंदिर समेत जिले के वनांचल में स्थित कई मंदिरों में हवन पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने देवी के स्वरूप में आई कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें दान-दक्षिणा देकर विदाई की। कन्या भोज के बाद अधिकांश उपासकों ने व्रत पारायण किया। चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर गढ़ा दाई मंदिर में भी कन्या भोज और भोग प्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। आयोजन के बाद पूर्व जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ अध्यक्ष डॉ.विनय शंकर सिंह ने मंदिर की महिमा का बखान करते हुए बताया कि यह मंदिर जनकपुर के पहले बहरासी से लगभग 27 किमी दूर तिलोली ग्राम में पहाड़ के उपर गुफा में स्थित है। आयोजन को सफल बनाने में अवधेश सिंह, बाबा दादा, विनीत सिंह, देवेन्द्र पांडे, गणेश भाई, गढ़ा दाई मंदिर समिति के सभी सदस्यों, सहयोगी साथीगण संतलाल, बीरभान, जितेन्द्र मिश्रा, राजकुमार पुरी, बीरबली, सुदर्शन मिश्रा, पप्पू, शिव, लक्ष्मण गुर्जर, गुरुबचन सिंह सबका सहयोग प्राप्त हुआ।

## चरचा कॉलरी में राम नवमीं पर भव्य आयोजन



**चरचा कॉलरी।** चैत्र नवरात्र और राम नवमी पर्व के अवसर पर नगर पालिका शिवपुर अंतर्गत चरचा कॉलरी क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। रविवार को प्राचीन हनुमान मंदिर सहित वार्ड क्रमांक 11 स्थित श्रीराम मंदिर में प्रातः 5 बजे से ही विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना प्रारंभ हो गई। राम नवमी पर्व पर झारखंड, बिहार और उत्तरप्रदेश से आकर बसे श्रद्धालुओं की विशेष सहभागिता रही।

गिरिडीह समाज द्वारा स्थापित प्राचीन हनुमान मंदिर में परंपरागत डंका बजाकर भगवान श्रीराम और हनुमान जी की पूजा की गई। नवमी के उपरांत भजन-कीर्तन, आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन दिनभर चलता रहा। चैत्र नवरात्र के तहत श्रद्धालुओं ने अपने घरों में ज्वारा बोये गए थे, जिसे शोभायात्रा के रूप में हनुमान मंदिर लाया गया और वहां से छठघाट में विसर्जन किया गया। संध्या समय गिरिडीह समाज द्वारा मंदिर परिसर में पारंपरिक अखाड़ा कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धालुओं का मनोरंजन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किए गए थे। मंदिर आने वाले सभी अतिथियों को भगवा वस्त्र एवं गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। दोपहर 4 बजे खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। पर्व के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की।

## 5वीं-8वीं की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

इस वर्ष शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा पांचवी एवं आठवीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा आयोजित की गई। पांचवी की परीक्षा बीते 24 मार्च को समाप्त हो गई और आठवीं की परीक्षा 3 अप्रैल को संपन्न हुई, इसके बाद कापियों का मूल्यांकन सोनहत जनपद पंचायत में 5 अप्रैल से शुरू हो गई , वहीं बैकुंठपुर जनपद में 7 अप्रैल से शुरू होगी।

- 30 अप्रैल को जारी होंगे परीक्षा परिणाम

उल्लेखनीय है कि लंबे अरसे के बाद उक्त कक्षाओं की बोर्ड की तर्ज पर चालू शिक्षा सत्र में केन्द्रीयकृत परीक्षा आयोजित की गई, जिसके नतीजे 30 अप्रैल को जारी करने है, इसके पूर्व मूल्यांकन कार्य समय में कराया जाना जरूरी है। मिली जानकारी के अनुसार कक्षा पांचवी आठवी के केन्द्रीयकृत परीक्षा उपरांत मूल्यांकन कार्य बोर्ड की तर्ज पर कराया जा रहा है। सोनहत जनपद क्षेत्र में सोनहत एवं कटगोड़ी को मूल्यांकन केन्द्र बनाया गया है। यहां बीते 5 अप्रैल से उक्त कक्षाओं के कापियों का मूल्यांकन शुरू हो गया, जबकि जनपद पंचायत बैकुंठपुर में 7 अप्रैल से मूल्यांकन कार्य शुरू होगा। उक्त कक्षाओं के कापियों की ⏭ शेष पेज 4 पर

### चैत्र नवमीं के दिन भी चला मूल्यांकन कार्य

कक्षा पांचवी एवं आठवी के कापियों का मूल्यांकन जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र में बीते 5 अप्रैल से शुरू हो गया, यहां 6 अप्रैल को चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी के दिन भी कापियों का मूल्यांकन हुआ। महत्वपूर्ण पर्व के अवसर पर भी मूल्यांकन कार्य कराए जाने से शिक्षकों में नाराजगी तो रही ,लेकिन आदेश का पालन में शिक्षक पर्व के दिन भी मूल्यांकन कार्य किया। विकासखंड़ बैकुंठपुर में 7 अप्रैल से मूल्यांकन कार्य शुरू किया जाना है। यदि सोनहत जनपद में 7 अप्रैल से कापियों का मूल्यांकन कराया जाता तो वहां के शिक्षकों को चैत्र नवरात्र का पर्व निश्चिंत होकर मनाने का मौका मिलता।

### अन्य कक्षाओं की परीक्षा 7 से

कोरिया जिले के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शालाओं के शेष कक्षाओं का परीक्षा 7 अप्रैल से शुरू होंगी। मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्तर पर पहली दूसरी, तीसरी तथा चौथी कक्षा की परीक्षा 7 अप्रैल से शुरू होकर 11 अप्रैल तक संचालित होगी, वहीं उच्च प्राथमिक स्तर पर कक्षा छठवीं सातवीं की परीक्षा 7 अप्रैल से शुरू होकर आगामी 16 अप्रैल तक संचालित होंगी। इस दौरान सुबह के समय विद्यालयों में उक्त कक्षाओं की परीक्षा संपन्न कराई जाएगी और इसके बाद पांचवीं-आठवीं परीक्षा कापियों का मूल्यांकन केन्द्र जाकर मूल्यांकन कार्य भी करना होगा, यानी सुबह के समय स्कूल में परीक्षा का संचालन और दोपहर से लेकर 5 बजे तक मूल्यांकन कार्य करना होगा।

### संविदा पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण और बाल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे दो महत्वपूर्ण योजनाओं के तहत कोरिया जिले में संविदा पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत, महिला एवं बाल विकास विभाग ने महिला सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण के लिए अम्ब्रेला योजना के तहत 7 स्वीकृत संविदा पदों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण और मूल्यांकन के बाद, पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। इसके बाद, वॉक-इन इंटरव्यू और कौशल परीक्षा के लिए पात्र उम्मीदवारों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया के बाद चयनित उम्मीदवारों की सूची को कोरिया जिले की वेबसाइट और कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

## भाजपा कार्यालय में मना स्थापना दिवस

**बैकुंठपुर।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी द्वारा पार्टी ध्वज फहराकर की गई।

इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने मिठाई वितरण कर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। स्थापना दिवस कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिला मंत्री बसंत राय, बैकुंठपुर मंडल अध्यक्ष अनिल खटीक, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुबेर साहू, सुरेन्द्र चक्रधारी, बिजेन्द्र जायसवाल, सुभाष साहू, डॉ.राकेश शर्मा, अनुराग दुबे, अरशद खान, सुवेज अहमद, शारदा गुप्ता, सत्येन्द्र राजवाड़े सहित काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। जिलाध्यक्ष कोरिया श्री तिवारी ने इस अवसर पर सभी मंडलो से आग्रह किया कि पार्टी के ⏭ शेष पेज 4 पर



ध्वजारोहण करते जिलाध्यक्ष।

### जिले में सुशासन तिहार का आयोजन कल से

## पंचायत व नगरीय निकायों में रखी जाएंगी समाधान पेटियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राज्य सरकार द्वारा छग में सुशासन तिहार 2025 आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करना, शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना और विकास कार्यों में गति लाना है। यह आयोजन 3 चरणों में किया जाएगा।



कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी रविवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक बुलाकर सुशासन दिवस के संबंध में जानकारी साझा की साथ ही तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए। प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। इन आवेदन पत्रों में जनता अपनी समस्याओं, शिकायतों और सुझावों को शामिल कर सकती है। इसके बाद दूसरे चरण में लगभग एक महीने के भीतर इन आवेदन पत्रों का निराकरण किया जाएगा और तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जहां आम जनता को अपने आवेदन पत्रों के समाधान की जानकारी दी जाएगी।

जिला मुख्यालय और विकासखंड़ मुख्यालयों के अलावा ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में भी समाधान पेटियां रखी जाएंगी, ताकि लोग अपनी समस्याएं दर्ज करा सकें, इसके साथ ही ऑनलाइन पोर्टल पर भी आवेदन पत्र भरने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इन आवेदन पत्रों का पंजीकरण किया जाएगा और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए जाएंगे। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन ⏭ शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री कर सकते हैं औचक निरीक्षण

सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री, मंत्रीगण और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किए जाने की संभावना है, जिससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस कार्यक्रम का समुचित और गुणवत्तायुक्त क्रियान्वयन हो। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों खासकर महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिम जाति विकास, समाज कल्याण, कृषि, उद्यानिकी, खाद्य नागरिक आपूर्ति, श्रम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत, नगरीय निकाय, खनिज, ऊर्जा, आबकारी, रोजगार आदि विभाग को सुशासन तिहार प्रारंभ होने के पूर्व आवश्यक तैयारियं पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।






LCIT PUBLIC SCHOOL
NURSERY TO XII
Affiliated to CBSE

Near High Court, Raipur Road, Bilaspur (C.G.)

9516606123

ADMISSIONS OPEN

- Artificial Intelligence (AI) for Classes VI onwards
- Subjects for Class XI

HUMANITIES
COMMERCE
BIOLOGY
MATHEMATICS

LCIT Blooming Buds
Play Group To Class - III

TRANSPORT FACILITY AVAILABLE

NO ADMISSION FEES

- Air Cooled Classrooms
- Transport Facility
- Separate Hostels for Girls & Boys

Vaishali Nagar, Phase - II, Srikant Verma Marg, Bilaspur (C.G.) 495001

9516167123



ALL SPORTS & GAMES



SEPARATE HOSTELS FOR GIRLS & BOYS



TRANSPORT FACILITY



AIR COOLED CLASSROOMS

lcitps.edu.in
lcitpublicschool
LCIT PUBLIC SCHOOL

6-april- Jash-KORIYA-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/6/2025 8:38 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### जिपं अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने संभाला कार्यभार

**अम्बिकापुर।** जिपं की नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह एवं उपाध्यक्ष देव नारायण यादव ने शुक्रवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर एवं पूर्व सांसद कमलभान सिंह की उपस्थिति में पूजा-अर्चना उपरांत अपना कार्यभार संभाला। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि जिला पंचायत का यह नेतृत्व विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण को प्राथमिकता देगा। निरूपा सिंह का कुशल नेतृत्व और जनसेवा का भाव सरगुजा को प्रगति के पथ पर अग्रसर करेगा। उनके कार्यकाल में जनहितकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा और ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक समावेशी विकास होगा। इस दौरान जिपं सदस्य विजय अग्रवाल, अभिमन्यु गुप्ता, विनोद हर्ष, विवेक दुबे, अनिल जायसवाल, गौतम विश्वकर्मा, नितिन गुप्ता एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### मंत्री प्रतिनिधि ने उपमंडी सिलफिली का किया भूमि पूजन



**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के बहुप्रतिक्षित मांग कृषि उपज मंडी के उप मंडी को कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने पूरा करा दिया है। जिसका शनिवार चैत्र नवरात्रि की महाष्टमी को भूमि पूजन मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने मधुवन प्रांगण सिलफिली में किया। उप मंडी कृषि सिलफिली हेतु 81.16 लाख के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाती सिंह, जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव, सुरजपुर जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, जनपद सदस्य सीमा सिंह, सरपंच अर्चना सिंह, उप सरपंच उषा सिंह, अनूप सिन्हा, समिति अध्यक्ष भोला सिंह, जगदीश कुशवाहा, यार सिंह, राजेश कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, रुपदेव कुशवाहा, अर्जुन व मंडी सचिव राम धनी भगत व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### चोरी की बाइक से घूम रहा था युवक, पुलिस ने पकड़ा

**राजपुर।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा है। आरोपी युवक चोरी की बाइक से घूम रहा था। जब पुलिस ने संदेही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अन्य स्थानों से भी बाइक चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने शातिर आरोपी से कुल तीन नग बाइक बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत पतरापारा निवासी 23 वर्षीय शिव कुमार आ. बहोरन 14 मार्च को अपनी ग्लैमर बाइक क्रमांक सीजी 30 2676 को घर के सामने खडा कर अन्दर चला गया था। इस दौरान शाम तीन से चार बजे के बीच अज्ञात चोर बाइक को लेकर फरार हो गया। इस घटना की शिकायत ग्रामीण ने 3 अप्रैल को पुलिस से की थी। बाइक चोरी के मामले में एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी इमानुएल लकडा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि उक्त चोरी हुई है एक व्यक्ति देवरी पकनी की तरफ घूम रहा है। सूचना मिलने के बाद टीम द्वारा घेराबंदी कर कोरिया जिले के बैकुंठपुर पतरापाली निवासी 25 वर्षीय देवप्रसाद सिंह उर्फ चिरु उर्फ नलिका आ. गोपाल सिंह मरावी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए प्रार्थी शिव कुमार के घर के सामने से ग्लैमर बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। इसके साथ ही पूछताछ में उसने अलग अलग स्थानों से एवेंजर बाइक क्रमांक सीजी 16 सीजी 3119 व स्प्लेंडर pro बाइक क्रमांक सीजी 15 सीई 9035 को चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी से उक्त तीनों बाइक बरामद करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजपुर कुमार चंदन सिंह, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र ध्रुव, शिवलाल कुजुर, आरक्षक नरेन्द्र कश्यप, नरेश तिर्की, अजय टोप्पो, रूपेश गुप्ता सक्रिय रहे।

### युवती ने कमरे में लगाई फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** भाटापारा निवासी युवती ने अज्ञात कारण से कमरे में फांसी लगा ली। परिजन युवती को फांसी से उतार मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। भाटापारा निवासी इशिका यादव आ. अशोक यादव (22 वर्ष) आज दोपहर लगभग 3.15 अपने कमरे में गई और अंदर से दरवाजा बंद कर ली। युवती के अचानक कमरे का दरवाजा बंद कर लेने तथा नहीं खोलने पर परिजन खिड़की से झांककर अंदर देखा तो उनके होश उड़ गए। युवती फांसी में लटकी हुई थी।

## प्रतापपुर रेंज के ग्राम दरहोरा की घटना

# हाथी ने फिर ग्रामीण को कुचलकर ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/प्रतापपुर

**खास बातें**

- ग्रामीण मध्यरात्रि निकला था घर के बाहर

एक सप्ताह पूर्व झारखंड से सरगुजा आकर विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा अकेला हाथी सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। बीती रात हाथी वनपरिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत दरहोरा बस्ती में घुस गया तथा मध्य रात्रि घर के बाहर निकले ग्रामीण को कुचलकर जान ले ली।

सीमावर्ती झारखंड में भ्रमण कर रहे दल से भटक कर हाथी 31 मार्च को कुसमी के रास्ते सरगुजा के जंगल दाखिल हुआ। कुसमी जंगल में कुछ समय गुजारने के बाद उसने शंकरगढ़ , राजपुर जंगल के रास्ते जशपुर सफर कियाय तथा रातो रात वापस शंकरगढ़ जंगल में दाखिल हो गया। नर हाथी के असहज व्यवहार पर उपवन मंडला अधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव ने सभी परिक्षेत्र अधिकारियों को जनहानि होने की संभावना व्यक्त कर उसकी निरंतर निगरानी करने की चेतावनी दी थी। वन अमला हाथी की लगातार ट्रैकिंग करने के साथ्ज्ञ ही ग्रामीणों को सूचना देकर सावधानी बरतने के लिए सचेत कर रहा था। वन अमले द्वारा लगातार सतर्कता बरतने के बावजूद हाथी ने जंगल में महुआ बीन रही महिला को कुचलकर जान ले ली। इस घटना के बाद हाथी अब तक 3 ग्रामीणों की जान ले चुका है। गुरूवार को रात्रि 8.30 बजे हाथी सीमावर्ती बलरामपुर के भगवानपुर जंगल से बनारस मार्ग पारकर वन परिक्षेत्र घुई के कक्ष क्रमांक पी124 में दाखिल हुआ। वन अमला आसपास के गांवों में हाथी के मौजूद होने की सूचना दे रहा था। इस दौरान वह बार-बार आबादी क्षेत्र के निकट पहुंचने की कोशिश कर रहा था। हाथी गजदल एवं वनकर्मियों ने उसे कई बार जंगल की ओर खदेड़ा भी। इस बीच रात्रि 1 बजे वह दरहोरा बस्ती में दाखिल हो गया। इधर मध्य रात्रि में गहरी नींद में होने के कारण ग्रामीण हाथी की मौजूदगी से अनभिक शिवनाथ आ. सुखराम लघुशंका के लिए घर के बाहर निकला। पास में मौजूद हाथी ने उसे अपने सुंड में जकड़कर पटक दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे वन अधिकारियों ने पीएम कराने के उपरांत उसके परिजन को 25 हजार की तात्कालिन सहायता राशि प्रदान की।



गांव में भ्रमण करता हाथी, इनसेट में मृतक।

**की जा रही निगरानी**

हाथी की लगातार निगरानी की जा रही है। रायपुर से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम पहुंची है। चिकित्सक वन अमले के साथ हाथी की निगरानी कर रहें है। विभाग द्वारा हाथी को ट्रेंक्यूलाइज करने का प्रस्ताव भेजा गया है। अधिकारियों के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-बी मातेश्वरन
सीसीएफ, सरगुजा

**एक सप्ताह के भीतर 5 मौतें**

एक सप्ताह के भीतर हाथी के हमले में पांच ग्रामीण की मौत हो चुकी है। जबकि असामान्य व्यवहार वाला दंतैल एक सप्ताह के भीतर ही तीन ग्रामीणों की जान ले चुका है। हाथी ने 2 अप्रैल को शंकरगढ़ में महुआ बीन रही गद्दी कोरवा (50 वर्ष) को पटक कर मार डाला था। हाथी ने 3 अप्रैल को ग्राम घाघरा में मक्का की रखवाली कर रहे दिने पोया को पटकर जान ले ली थी। हाथी दिन में भी भ्रमण करता है तथा 30 किमी तक की दूरी तय कर लेता है। हाथी असामान्य व्यवहार को देखते हुए सीसीएफ ने सभी रेंज के वन कर्मियों को 24 घंटे सतर्कता बरतने एवं हाथी की निगरानी करने का निर्देश दिया है।

**रायपुर से पहुंचे विशेषज्ञ**

हाथी द्वारा लगातार जनहानि की घटनाओं को अंजाम देने की सूचना पर रायपुर से शनिवार को विशेषज्ञों की टीम पहुंची है। विभाग में हाथी के असामान्य व्यवहार एवं लगातार हमले की घटनाओं पर हाथी को ट्रेंकुलाइज करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। शासन द्वारा अभी प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिली है लेकिन रायपुर से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम पहुंच गई है। विशेषज्ञों ने हाथी के पद चिन्ह के आधार पर उसकी उम्र 4 साल बताई है। हाथी अभी भी प्रतापपुर रेंज अंतर्गत पेंडारी जंगल में है। विशेषज्ञ चिकित्सक वन अमले के साथ हाथी की निगरानी कर रहें है।

### हाथियों ने आलू अनुसंधान केन्द्र में पूरी रात मचाई तबाही, फसलों को किया तहस-नहस

बीती रात हाथियों ने मैनपाट स्थित आलू अनुसंधान केन्द्र में जमकर तबाही मचाई। हाथियों ने आलू एवं गेहूं की फसल को तहस-नहस करने के साथ ही केन्द्र के ग्रीन नेट हाउस, ड्रीप पाइप, बोर्ड आदि को तहस-नहस कर दिया है। हाथियों की तबाही से अनुसंधान केन्द्र को 2 लाख से अधिक की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। गर्मी के मौसम में जंगल में आग लगने एवं वनस्पतियों के झुलसने के बाद अब हाथी भोजन की तलाश में आबादी क्षेत्र का रूख करना शुरू कर दिए है। जंगल से निकलने के बाद हाथी अलग-अलग दलों में विभक्त होकर भ्रमण कर रहे हैं। पिछले दो दिनों से हाथी शाम ढलते ही मैनपाट स्थित आलू अनुसंधान केन्द्र में पहुंच जा रहे हैं। बुधवार की रात अनुसंधान केन्द्र में पहुंचे तीन हाथियों ने पूरी रात तबाही मचाई। हाथी अनुसंधान कार्य के लिए लगे आलू एवं गेहूं की फसल से भूख मिटाने के बाद पूरी रात फसलों को रौंदते रहे। हाथियों ने अनुसंधान केन्द्र में बने ग्रीन नेट हाउस को फाड़कर तबाह कर दिया वहीं ग्रीन हाउस में लगाए गए पौधों को इधर-उधर बिखेर कर तबाही मचाने के बाद हाथी भोर होने पर जंगल की ओर चले गए। बीती रात अनुसंधान केन्द्र में दो हाथी पहुंचे एवं पूरी रात फसलों को रौंदते रहे। हाथियों ने अनुसंधान केन्द्र के साइन बोर्ड को उखाड़ दिया साथ ही ड्रीप पाइप को कुचलकर नष्ट कर दिया। अनुसंधान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.प्रताप राठिया ने बताया कि इसके पूर्व भी कई बार हाथियों ने अनुसंधान केन्द्र में धावा बोला है लेकिन पहली बार इतनी अधिक तबाही मचाई है। हाथियों ने दो एकड़ में लगी गेहूं एवं अनुसंधान कार्य के लिए लगाए गए आलू की फसल को रौंदकर नष्ट कर दिया है साथ ही ग्रीन हाउस परिसर में रखे ड्रीप पाइप केंद्र के बोर्ड को रौंदकर नष्ट कर दिया है। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई है।

# ट्यूशन पढ़ने आई छात्रा के साथ हेड मास्टर ने किया दुष्कर्म का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ट्यूशन पढ़ने आई छात्रा के साथ स्कूल के हेड मास्टर ने दुष्कर्म करने की कोशिश की। जिस पर छात्रा वहां से शोर मचाते हुए घर की ओर भागी और रोते हुए अपने परिजनों को हेड मास्टर की करतूतों के बारे में बताई। अपनी पुत्री की आपबीती सुनकर

**खास बातें**

- आक्रोशित परिजनों ने की आरोपी हेड मास्टर की पिटाई
- पसान थाना क्षेत्र के ग्राम सिर्री का मामला

गुस्साए परिजनों ने हेड मास्टर की चप्पल और लात घूसों से पिटाई कर दी। इसके बाद हेडमास्टर को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत सिर्री माध्यमिक शाला में हेड मास्टर के पद पर पदस्थ संजय कुमार कठौतिया काफी लंबे समय से माध्यमिक शाला में पदस्थ है और बच्चों को पढ़ा रहा है। आरोपी संजय कुमार गांव में ही किराये के मकान पर रहता है। जहां वो स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के बाद अपने घर जाता और वहां भी बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता था। शुक्रवार को स्कूल खत्म होने के बाद रोज की तरह कक्षा आठवीं की दो छात्राएं आरोपी के घर ट्यूशन पढ़ने गई थी। इसी दौरान शिक्षक की नीयत बिगड़ गई। उसने



ट्यूशन पढ़ने आई एक छात्रा को यह कहकर घर वापस भेज दिया कि उसके पिताजी उसे बुला रहे हैं। वहीं दूसरी छात्रा को अकेले पाकर शिक्षक उसके साथ छेड़खानी करने लगा। शिक्षक ने पहले अपने कपड़े उतारे फिर उसके पूरे कपड़े उतार दिए। फिर उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। जैसे-तैसे दरवाजा खोलकर कमरे से घर की ओर भाग निकली। फिर रोते हुए गांव में चल रहे नवरात्रि पूजा पंडाल के पास पहुंची। जहां गांव के लोग पूजा-पाठ कर रहे थे। वहां मौजूद लोगों ने छात्रा को रोते हुए देखा तो उन्होंने उससे रोने की वजह पूछा। छात्रा ने रोते हुए बताया कि वो और उसकी सहेली शुक्रवार को टीचर के घर पढ़ने गई थी। वहां टीचर ने सहेली को यह कहकर घर वापस भेज दिया कि उसके पिताजी उसे बुला रहे हैं। इस पर सहेली वहां से चली गई। कमरे में छात्रा अकेली थी। टीचर ने पहले दरवाजा बंद कर लिया। फिर अपने कपड़े उतारने लगे। इसके बाद छात्रा के कपड़े उतारने लगे। इस हरकत से वो एकदम से डर गई। वो विरोध करते हुए जोर-जोर से चिल्लाने लगी और वहां से भाग गई। इसी बीच इस घटना की जानकारी छात्रा के घरवालों को मिली। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन और गांव वाले आक्रोशित हो गए। सभी गुस्से में शिक्षक के घर पहुंचे और उसकी चप्पल और घूंसे से पिटाई कर दी है। इसकी सूचना 112 को दी गई। वहीं ग्रामीणों ने थाना पसान पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि शिक्षक शादीशुदा है और उसकी पत्नी भी शिक्षाकर्मी है। उसकी पत्नी बिलासपुर जिले में पदस्थ है, उसके बच्चे भी हैं। इस घटना के बाद गांव में शिक्षक के प्रति लोगों में काफी आक्रोश है। लोगों ने आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं, ताकि इस तरह की हरकत दोबारा कोई शिक्षक न कर सके।

### बाइक से गांजा तस्करी कर रहा ग्रामीण गिरफ्तार, गया जेल

**अम्बिकापुर।** गांजा लेकर जा रहे बाइक सवार ग्रामीण को आबकारी संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि मंगारी मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से गांजा तस्कर कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ छल्लु गुप्ता बड़ी मात्रा में गांजा लेकर बाइक से आ रहा है। इसी बीच बाइक सवार उड़नदस्ता की वाहन को देख भागने लगा। बाइक सवार के भागने पर उड़नदस्ता की टीम ने अपने वाहन से पीछा किया। जैसे ही बाइक सवार मुख्य मार्ग स्थित ढाबा के समीप पहुंचा तभी गिट्टी से फिसल कर गिर गया जिससे घायल हो गया। टीम ने मौके पर पहुंच घायल को पकड़ लिया तथा बाइक की तलाशी ली तो बाइक के डिक्की से 1 किलो 20 ग्राम गांजा बरामद किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध धारा 20बी एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## व्यावसायी से लूट के मामले में फरार चल रहा आठवां आरोपी धराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जमीन में गडा हुआ सोना और जमीन बेचने के नाम पर व्यवसायी से चाकू के दम पर साढ़े तीन लाख रूपए से अधिक की लूट करने के मामले में फरार चल रहे आठवें आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस के अनुसार 10 अगस्त 2024 को मुंगेली निवासी नवल किशोर जायसवाल के आरोपियों ने जमीन में गडा हुआ सोना दिखाने और जमीन बेचने के नाम पर लालच देकर डांडगांव में बुलाया था। इस दौरान आरोपियों ने चाकू दिखाकर व्यवसायी से 3 लाख 65 हजार रूपए नगद, सोने का चेन, रुद्राक्ष की माला, मोबाईल, आधार कार्ड, पैन कार्ड को लूट लिया था। इस मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 309, 318, 310 (2) के तहत अपराध दर्ज किया था। इस मामले में जांच के दौरान पुलिस ने पन्ना कुर्रे, गौरी सोनी, विजय जायसवाल, तेरसा राम प्रजापति, विश्वप्रसाद, विजय कुमार आदिले, श्याम रतन सोनी उर्फ़ दादी कों पूर्व मे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके साथ ही फरार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने जीपीएम जिला के पेंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम बोकरामुड़ा निवासी 47 वर्षीय सीताराम प्रजापति आ. अयोध्या प्रजापति को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से लूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा अब तक मामले में पूर्व मे गिरफ्तार 7 आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 95 हजार 500 रूपए नगद एवं घटना में प्रयुक्त 4 नग मोटरसाइकिल बरामद किया गया था। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उदयपुर कुमारी चंद्राकर, सउनि सहदेव बर्मन, प्रधान आरक्षक संजय नागेश, आरक्षक अजय शर्मा, संजय सक्रिय रहे।



## पार्टी के प्रति निष्ठा व समर्पण से अनुराग ने बनाई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बने गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष

प्रारंभ से ही भाजपा संगठन के लिए समर्पित भाव से हर जिम्मेदारी का निर्वहन करने एवं सरगुजा के गांव-गांव में समर्पित कार्यकर्ताओं को तैयार करने वाले भाजपा नेता अनुराग सिंहदेव को गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष का जिम्मेदारी मिली है। यह जिम्मेदारी उनके सतत संपर्क एवं संगठन के लिए समर्पित भाव से किए जा रहे कार्यों का प्रतिफल है। उनकी नियुक्ति से न केवल समर्थकों में बल्कि उनके सकारात्मक कार्यों के साक्षी जिले भर के लोगों में खुशी का माहौल है। उनकी नियुक्ति से प्रसन्न कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशियां मनाई। अनुराग सरगुजा जिले के एकमात्र नेता है जिन्हें संगठन द्वारा यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।



विधि की पढ़ाई पूरी करने के बाद अनुराग ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य के रूप में वर्ष 1992 में अपनी राजनीतिक सफर की शुरूआत की थी। इस दौरान उन्होंने परिषद के विभिन्न पदों की जिम्मेदारी निभाई तथा न केवल शहर बल्कि सरगुजा के गांव-गांव में कार्यकर्ता की टीम तैयार की। यह वह दौर था जब विद्यार्थी परिषद हर मुद्दे को उठाता था तथा आंदोलन करने के लिए हमेशा तैयार रहता था। अव्यवस्था के प्रति उठी आवाज से परिषद ने शहर में अपनी अलग पहचान बनाई। अनुराग की संगठनात्मक क्षमता एवं समर्पण को देखते हुए संगठन ने उन्हें 2000 में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष के रूप में अनुराग ने अपनी अलग छवि बनाई तथा समर्पित कार्यकर्ताओं की टीम तैयार की। कार्यकर्ताओं ने अनुराग सिंहदेव के नेतृत्व में जनता की समस्याओं को प्रमुखता पूर्वक उठाकर गांव-गांव में अपनी अपनी जगह बनाई जिसका फायदा भाजपा को मिला। अनुराग न केलव प्रखर वक्ता है बल्कि किसी भी मुद्दे को प्रस्तुत करने का उनका अंदाज भी अलग है।

राजनीतिक रणनीति बनाने में भी उनका सानी नहीं है। जनता में उनकी स्वीकार्यता गांव-गांव में राजनीतिक प्रभाव को देखते हुए भाजपा ने वर्ष 2008 में अपना विधान सभा प्रत्याशी बनाया। उन्होंने अपने पहले चुनाव में बदलाव का ऐसा माहौल तैयार किया। चुनाव परिणाम को जानने भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि चुनाव में बेहद कम अंतर से उन्हें पराजय मिली। अनुराग की संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए संगठन उन्हें अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपता रहा। वे संगठन द्वारा सौंपी गई हर जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निभाते रहे। उन्होंने लंबे समय तक भाजपा प्रदेश मंत्री एवं प्रदेश प्रवक्ता, बिलासपुर संभाग प्रभारी की जिम्मेदारी निभाई तथा सभी जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक पूरा किया। बिलासपुर संभाग प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी निभाने के दौरान वे लंबे समय तक सरगुजा से बाहर रहे लेकिन सरगुजा के कार्यकर्ताओं से उनका संपर्क कभी नहीं टूटा। व्यस्तता के बावजूद उन्होंने लोक सभा, विधान सभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाई। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव में भी वे सक्रियता से जुड़े रहे। सभी चुनावों में भाजपा को सफलता मिली। प्रदेश में भाजपा सरकार का गठन होने के बाद से ही उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद जताई जा रही थी जो अब पूरी हुई।

# अंतर्राज्जीय डीजल चोर गिरोह के 3 आरोपियों को पुलिस ने केतका जंगल में पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले के अलग-अलग क्षेत्र में एक बार फिर डीजल चोर गिरोह सक्रिय हो गए है जो मौका पाते ही ट्रक सहित अन्य बड़े वाहन के डीजल टंकी का ताता तोड़ डीजल चोरी कर फरार हो जाते है। हालांकि पुलिस ने कुछ माह पूर्व ही डीजर चोरों को पकड़ा था बावजूद इसके डीजल चोरी की घटनाएं नहीं थम रही है। हालही में डीजल चोर गिरोह ने एक ट्रक से डीजल चोरी कर भाग रहे थे तभी खलासी द्वारा रोकने पर उस पार जान लेवा हमला कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अंतर्राज्यीय डीजल चोर गिरोह के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम धंधापुर अभिषेक पोर्ते ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीके 9007 में हेल्फर का काम करता है। 2 अप्रैल को बैकुण्ठपुर से ट्रक में सीमेंट फैंसिंग पोल लोड करके चालक एवं अन्य हेल्फर के साथ पोल पहुंचाने अम्बिकापुर जा रहे थे। जैसे ही शाम 4 बजे बाई पास एचएच-43 मेन रोड के पास अचानक वाहन का ब्रेक डाउन होने पर वहीं वाहन खड़ा कर खाना बनाकर रात में खाकर सभी सो गए। रात्रि में चालक उठाकर बताया कि कोई डीजल टंकी का ताला तोड़ रहा है। मौके पर जाकर देखे तो दो व्यक्ति डीजल टंकी से डीजल निकाल कर जरकिन में भरकर ले जा रहे थे। रोकने का प्रयास करने पर एक हेल्फर को रॉड से वार कर चालक व हेल्फर के आने पर दोनों ने डीजल भरे जरकिन को लेकर वाहन क्रमांक एमपी 18 जेडई 1256 में अपने एक अन्य साथी के साथ मनेन्द्रगढ़ रोड़ की ओर भाग निकले। इधर रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 109, 309(6), 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इधर कोतवाली पुलिस ने टीम बनाकर आरोपियों की सघन तलाश शुरू की । इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने केतका जंगल में वाहन में कुछ संदिग्ध को देख घेराबंदी कर आरोपी अनूपपुर अंतर्गत बिजुरी वार्ड क्रमांक 1 मनोज तिवारी आ. रूद्र प्रसाद तिवारी (50 वर्ष वार्ड क्रमांक 15 निवासी अजय तिवारी आ. श्यामलाल तिवारी (45 वर्ष) व माईनस कॉलोनी बिजुरी निवासी रितेश तिवारी आ. बद्री तिवारी (27 वर्ष) को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपियों ने डीजल चोरी करने तथा हेल्फर के साथ मारपीट करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर परिवहन में कार, 1 जरकिन में 35 लीटर डीजल, 5 खाली जरकिन, लोहे का रॉड, एक गुलेल, गुलेल की गोटी बरामद किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एएसआई संजय सिंह यादव, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र सिंह, आरक्षक रविराज पाण्डेय, जयप्रकाश सिंह, सेलबेस्टर लकड़ा, रविशंकर पाण्डेय, गणेश सिंह व रामचन्द्र सक्रिय रहे।




**पूर्व में हो चुकी है डीजल चोरी**

पूर्व में जिले के अलग-अलग क्षेत्र में डीजल चोरी की कई घटनाएं हो चुकी है। कुछ माह पूर्व प्रतापपुर बनारस मार्ग स्थित ढाबा के समीप से लगातार डीजल चोरी की दो घटनाएं हुई थी। हालांकि कुछ दिन बाद ही प्रतापपुर पुलिस ने डीजल चोर गिरोह को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा डीजल चोरी की घटना भटगांव क्षेत्र में भी हुई थी। इस घटना में पुलिस ने जो डीजल चोर गिरोह को पकड़ा था वे भी मध्यप्रदेश क्षेत्र के थे।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के दोनों आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- पोक्सो अधिनियम के तहत हुई कार्रवाई

चार दिन पूर्व बारह साल की स्कूली छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोपी दोनों युवकों को बिश्रामपुर पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। बताया गया कि बारह वर्षीय छात्रा जो गत एक अप्रैल को घर से बिना बताए कहीं चली गई थी, जो रात तक नहीं लौटी परिजन उसकी तलाश में जुटे थे।

दूसरे दिन वह घर पहुंची परिजनों ने जब उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि शिवनन्दनपुर मिलन चौक निवासी विशाल विश्वकर्मा मेला घुमाने के नाम पर अपने साथ स्कूटी में बैठा कर केनापारा पर्यटन स्थल ले गया। यहां से पास स्थित नर्सरी ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया, बाद में अपने मित्र संतोष यादव को भी फोन कर मौके पर बुला लिया जहां संतोष यादव निवासी अवराडुग्गु ने भी



उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को घटना के विषय में बताने से मना कर जान से मारने की धमकी भी दी।बाद में दूसरे दिन भी विशाल नामक युवक ने अपने घर ले जा रात भर अपने साथ रख कई बार किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। प्रार्थिया छात्रा की मां की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने दोनों आरोपियों विशाल विश्वकर्मा पिता संजय विश्वकर्मा 22 वर्ष निवासी मिलन चौक शिवनन्दनपुर व संतोष यादव पिता मुन्ना यादव 22 वर्ष निवासी अवराडुग्गू के खिलाफ धारा 70(2) बीएनएस एवं पोक्सो अधिनियम की धारा 4,6 का मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध गिरफ्तारी कार्यवाही करते हुए आज शुक्रवार को सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार



**जनकपुर।** महुआ फूल बीनने गई नाबालिग को धमकाने और दुष्कर्म करने के मामले में पीड़िता की मां की शिकायत पर जनकपुर पुलिस ने अपराध दर्ज कर बीएनएस एवं पास्को एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराकर जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल को नाबालिग पीड़िता को साथ लेकर उसकी माता जनकपुर थाना में उपस्थित हुई और अपराध दर्ज कराते हुए बताई कि हम लोग विशेष पिछड़ी जनजाति के हैं और ग्राम डोम्हरा में परिवार के साथ रहते हैं। 1 अप्रैल की सुबह करीब 5 बजे मेरी 13 वर्षीय पीड़िता पुत्री अपनी बहन के साथ घर से कुछ दूरी पर महुआ बीनने गई थी, दोनों बहन कुछ दूरी पर अलग-अलग महुआ पेड़ से महुआ फूल बीन रहे थे। इस दौरान पीड़िता नाबालिग पुत्री अकेली थी, जिसका फायदा उठाकर गांव का अवकेश पनिका उर्फ बंटी वहां पर आया और नाबालिग का हाथ पकड़ लिया और मूंह को दबाकर दुष्कर्म किया, साथ ही जान से मारने की धमकी दिया है। मामले पर जनकपुर पुलिस ने थाने में एफआईआर नंबर 65/2025 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 64, 351(2) एवं पास्को एक्ट की धारा 4,6 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम, 1989 (संशोधन 2015) की धारा 3(2)(5) के तहत आरोपी अवधेश पनिका के विरूद्ध गिरफ्तारी कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल करा दिया।

### पिकअप की टक्कर से ग्रामीण घायल, जुर्म दर्ज

**अंबिकापुर।** पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ग्रामीण को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। बसंतपुर पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम महादेवपुर निवासी चुड़गु पण्डो पिता हरिचरन से साइकिल से भूसा लेने के लिए ग्राम मुरकौल गया था। इस दौरान मुरकौल में सोनी दुकान के समीप पिकअप क्रमांक सी 15 डीक्यों 5946 के चालक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में गंभीर रूप से घायल ग्रामीण को उपचार के लिए पीएचसी मुरकौल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वाड्रफनगर अस्पताल में ग्रामीण की हालत में सुधार नहीं होने पर बेहतर उपचार के लिए उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया।

### आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में पति गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** भूडुआमा मुर्ताडांड निवासी तेज राम ने 23 फरवरी को थाना में आकर सूचना दी थी कि घटना दिवस को उसकी पत्नी बाहर जाने की बात बोलकर निकली थी। कुछ देर बाद तेज राम भी मुर्ताडांड स्कूल की तरफ चला गया। युवक जब घर लौटा तो उसकी पत्नी नहीं आती थी। परिजन को खाना खिलाने के बाद युवक पत्नी को खोजने के लिए निकला लेकिन वह नहीं मिली।

## नई सब्जी मंडी और सेंट्रल बैंक के पास वाटर कूलर लगाया गया

# मारवाड़ी युवा मंच की पहल: दो वाटर कूलर का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

मारवाड़ी युवा मंच मनेन्द्रगढ़ की एक सरहनीय पहल के तहत नई सब्जी मंडी और सेंट्रल बैंक के पास वाटर कूलर लगाया गया है। यह पहल आम लोगों को पीने का साफ एवं ठंडा पानी प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। इस वाटर कूलर का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने किया। इस अवसर पर नगर के कई गणमान्य जन उपस्थित रहे। मारवाड़ी युवा मंच की इस पहल का स्थानीय समुदाय ने स्वागत किया है।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने मंच के इस कदम की सराहना की और इसे एक महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य बताया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी पवन फरमानिया, पूनम अग्रवाल, पूर्व पार्षद सरजू यादव, रामचरित द्विवेदी, पार्षद सुनैना विश्वकर्मा, पूर्व पार्षद श्याम सुंदर पोद्दार, रवि जैन, मनीष गोयल, मीनू अग्रवाल, रोहित गोयल, कृष गोयल, सार्थक अग्रवाल, रोहन फरमानिया, राहुल अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, दीपक गोयल, आकाश अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, संतोष सिंघल और मयंक गोयल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष मनीष गोयल ने बताया कि पदाधिकारियों ने इस प्रयास को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया है, ताकि और अधिक समुदायों में सामाजिक सेवाओं का विस्तार किया जा सके। रोहित गोयल ने इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगो का आभार व्यक्त किया। आज हम एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल का हिस्सा बन रहे हैं, जिसे मारवाड़ी युवा मंच ने मनेन्द्रगढ़ के नागरिकों की भलाई के लिए शुरू किया है। नपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने कहा कि नई सब्जी मंडी और सेंट्रल बैंक के पास यह वाटर कूलर लगाना एक बेहद अहम कदम है, जो आमजन को पीने के लिए साफ, ठंडा और सुरक्षित पानी उपलब्ध कराएगा। यह सिर्फ एक छोटे से प्रयास की शुरूआत है, लेकिन इसके प्रभाव को हम सभी अनुभव कर सकेंगे। हमें यह याद रखना चाहिए कि समाज की भलाई के लिए छोटे-छोटे कदम भी बड़े बदलाव का कारण बन सकते हैं। मैं मारवाड़ी युवा मंच की इस पहल की सराहना करती हूं और मंच के सभी पदाधिकारियों को बधाई देती हूं। उनके इस कदम ने समाज में एक नया संदेश दिया है कि हम सभी मिलकर अपने नगर को और बेहतर बना सकते हैं।

## श्रद्धा महिला मंडल ने की सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था



**चरचा कॉलरी।** क्षेत्र स्थित राजीव गांधी चौक एवं कटगोड़ी साफ्ट क्षेत्र में गर्मी के मद्देनजर श्रद्धा महिला मंडल द्वारा सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था की गई। रविवार को एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र की श्रद्धा महिला मंडल समिति चरचा उपक्षेत्र के तत्वावधान में यह पहल की गई। प्याऊ में राहगीरों को मीठा जल, नींबू पानी, सादा जल, गुड़, फूला चना और फल वितरित कर उनकी सेवा की गई। मंडल अध्यक्ष श्रीमती पुनम झा के निर्देश और श्रीमती मोनिका मंजूरी के नेतृत्व में यह व्यवस्था की गई। इस दौरान श्रीमती कमलजीत कौर, उर्मिला मांडवी, अंजू लाल, विभा सिंह, मंजू सिंह, रेणु गुप्ता, निर्मला पटेल सहित कई सदस्य सक्रिय रहीं। नगर पालिका द्वारा अब तक प्याऊ की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, ऐसे में श्रद्धा महिला मंडल की यह पहल जनसेवा का अनुकरणीय उदाहरण बनी है। कटगोड़ी साफ्ट में भी ग्रामीणों के लिए प्याऊ की विशेष व्यवस्था की गई, इससे स्थानीय लोग गर्मी में राहत महसूस कर सके। कार्यक्रम में सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, राहुल साहब, कुलदीप दुबे, कंत राम, रामेश्वर पेंटर सहित अन्य नगरवासी उपस्थित रहे। लोगों ने महिला मंडल की इस सेवा भावना की सराहना की और नगर पालिका से भी जल्द प्याऊ की समुचित व्यवस्था की मांग की।

# विवेकानंद कॉलेज में राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

उच्च शिक्षा में शोध केवल एक अकादमिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्टीय विकास का एक प्रभावशाली माध्यम भी है। यह न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करता है, बल्कि भविष्य के लिए एक मजबूत आधार भी तैयार करता है, इसीलिए उच्च शिक्षा संस्थानों में शोध कार्य को प्रोत्साहित किया जाना अत्यंत आवश्यक है, इससे आत्मनिर्भर और सशक्त समाज का निर्माण संभव हो सके।

इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में शोध पद्धतिः मात्रात्मक और गुणात्मक दृष्टिकोण विषय पर एक दिवसीय राष्टीय वेब संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्राबनी चक्रवर्ती के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा तथा प्रो. रिजवान उल्लाह अपर संचालक, उच्च शिक्षा सरगुजा सभाग के मुख्य संरक्षण, डॉ. सुशील कुमार तिवारी के संयोजन एवं डॉ. प्रभा राज और डॉ. अरूणिमा दत्ता (आइक्यूएसी प्रभारी)के सह-संयोजन में संपन्न हुई। संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता डॉ. शुभाशीष बनर्जी सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, नागालैंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय कोहिमा और डॉ. पुष्पिता रजावत सहायक प्राध्यापक शिक्षा, डॉ. हरिसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर मध्यप्रदेश उपस्थित रहे। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. चक्रवर्ती ने अपने उद्बोधन में वेब पटल पर उपस्थित समस्त अतिथियों एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया। उन्होंने संगोष्ठी के आयोजन एवं उद्देश्य से सभी को अवगत कराया। गूगल मीट एवं यू-ट्यूब लाइव इस वेब संगोष्ठी में देशभर से 500 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की। आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति एवं महाविद्यालयीन समिति के प्राध्यापक डॉ. सरोजबाला श्याग बिश्नोई, डॉ. रश्मि तिवारी, भीमसेन भगत, डॉ. नसीमा बेगम अंसारी, स्मृति अग्रवाल, अनूपा तिग्गा, कमलेश पटेल, सुनील कुमार गुप्ता, सुशील कुमार छात्रे, डॉ. रेनू प्रजापति एवं कार्यालयीन स्टॉफ यशवंत शाक्या, मनीष श्रीवास्तव, सुनीत जॉनसन बाड़ा, पीएल पटेल, बीएल शुक्ला, आरके गुप्ता, मीना त्रिपाठी सहित अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। रंजीतमनी सतनामी, अभिषेक सिंह, थनेन्द्र कश्यप एवं शुभम गोयल ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। संगोष्ठी का संचालन संगोष्ठी संयोजक डॉ. सुशील कुमार तिवारी एवं सह संयोजक डॉ. प्रभा राज के द्वारा किय गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डॉ.अरूणिमा दत्ता प्रभारी आईक्यूएसी के द्वारा किया गया। उन्होंने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 113 श्रद्धालु जाएंगे यात्रा पर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

छग राज्य सरकार द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत कोरिया जिले के वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, विधवाओं और परित्यक्त महिलाओं को धार्मिक तीर्थ स्थलों की यात्रा का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

10 से 13 अप्रैल तक उज्जैन, ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर की तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए कोरिया जिले को 113 यात्रियों का कोटा निर्धारित किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि संबंधित जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों को अपने-अपने क्षेत्र के पात्र व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया है, इसके तहत इच्छुक व्यक्तियों को एक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र भरने होंगे,जिसमें निवास प्रमाण, नवीनतम फोटो और अन्य आवश्यक दस्तावेज शामिल होंगे। सभी तीर्थ यात्रियों को बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन पर यात्रा की तिथि से पहले पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी, जिससे उन्हें यात्रा पर जाने के लिए कोई असुविधा न हो। यात्रा का आयोजन समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जाएगा और इस योजना का उद्देश्य राज्य के वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और महिलाओं को धार्मिक स्थलों की यात्रा का अवसर प्रदान करना है। यात्रा में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को निर्धारित आवेदन पत्र भरना होगा, जो केवल हिंदी में ही स्वीकार किया जाएगा। आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।

पासपोर्ट साइज की रंगीन फोटो, निवास प्रमाण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र या राज्य शासन द्वारा स्वीकृत कोई अन्य प्रमाण। दो नाम निर्देशियों के नाम, जिनसे आपातकालीन स्थिति में संपर्क किया जा सके। यदि 65 वर्ष से अधिक आयु का व्यक्ति आवेदन करता है, तो उसे यात्रा के लिए एक सहायक (21-50 वर्ष आयु का) लेने की पात्रता होगी, इसके अलावा यदि कोई दिव्यांग यात्री आवेदन करता है, तो उसे एक सहायक का साथ यात्रा में अनिवार्य रूप से होना चाहिए। दिव्यांग व्यक्ति के जीवन साथी को भी यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा, बशर्ते वे आवेदन पत्र में इसे स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। आवेदन पत्र जिला समाज कल्याण कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, प्रधान आरक्षक पर 50 हजार मांगने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

पुलिस की प्रताड़ना से तंग आकर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक को पुलिस नाबालिग द्वारा फांसी लगाने के मामले में पूछताछ के लिए थाने में बुलाया गया था। चार घंटे तक चली पूछताछ की गई थी। इस बीच शनिवार की सुबह युवक का शव गांव में पेड़ से फांसी पर झूलता मिला है। युवक द्वारा आत्महत्या करने के मामले में मृतक की मां ने प्रधान आरक्षक पर 50 हजार रूपए की मांग करने और पूछताछ के दौरान बाहरी लोगों द्वारा थाने में आकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में रोष का माहौल है और उन्होंने अपना विरोध जताया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज भी मौके पर पहुंचे और अपनी ही सरकार में पुलिस पर सवाल उठाने के साथ ही घटना की निंदा करते हुए दोषी पुलिसकर्मी पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। शिकायत के बाद एसपी ने प्रधान आरक्षक को निलंबित कर दिया है जबकि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**खास बातें**

- घटना के बाद लोगों में आक्रोश, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम जुडवाणी के चुंकनडांड समरपारा निवासी 20 वर्षीय आशीष मिंज आ. स्व. फूलचंद मिंज ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव घर के समीप ही पेड़ से फांसी पर लटका हुआ मिला। युवक द्वारा फांसी लगाए जाने की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करने के साथ ही कार्रवाई की मांग की। मृतक की मां अलमा मिंज ने बताया कि नवम्बर 2024 में मृतक आशीष मिंज के घर में 16 वर्षीया नाबालिग संध्या कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।



मृतक के परिजन व ग्रामीणों से चर्चा करते विधायक।

### होनी चाहिए कड़ी कार्रवाई

यह मामला 6 महीना पुराना था जिसे लेकर युवक को थाने में बुलाया गया था और चार घंटे अलग कमरे में रखकर टॉर्चर व मारपीट की गई। बयान बदलने को कहा गया अथवा 50 हजार रूपए की मांग की गई। वहां से आने के बाद युवक ने दबाव में आकर रात में आत्महत्या कर लिया। इस विषय में एसपी से बात हुई और पूरे गांव के लोग संगठित होकर मांग कर रहे है कि प्रधान आरक्षक पर कार्रवाई हो। प्रधान आरक्षक को सस्पेंड कर दिया गया है। यदि किसी के चलते किसी की जान चली गई तो उसके ऊपर भी धारा लगना चाहिए जो इसके दोषी हैं उसके ऊपर कारवाई भी होनी चाहिए।

**-प्रबोध मिंज**, विधायक लुंड्रा

### पूछताछ के दौरान बाहरी लोगों ने की मारपीट

महिला के अनुसार 4 अप्रैल को भी उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया था जहां बारी बारी दोनों के बयान लिए गए। महिला का आरोप है कि बयान लेने के दौरान प्रधान आरक्षक ने फिर से 50 हजार रूपए की मांग की और दबाव बनाया। इसके साथ ही उसके पुत्र ने बाद में आकर मां को बताया कि पूछताछ के दौरान चोरी की रिपोर्ट लिखवाने के लिए दो अन्य बाहरी युवक भी वहां आए थे और उसके साथ मारपीट की। दोपहर 3 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक चली पूछताछ के बाद दोनों घर आ गए। घर आने के बाद आशीष अपनी मां के सामने रोने लगा। मां के समझाने के बाद व खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया।

### मौके पर पहुंचे लुंड्रा विधायक, कार्रवाई की मांग

युवक की मौत के बाद परिजन व बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और पुलिस को शव ले जाने से रोक लिया। ग्रामीणों की मांग थी कि इस मामले में दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज किया जाए। इस घटना की सूचना मिलने के बाद विधायक लुंड्रा प्रबोध मिंज भी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने एसडीएम व थाना प्रभारी के साथ ग्रामीणों से बात की। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस प्रशासन निरंकुश हो चुका है और लोगों से मारपीट की जा रही है। यह कोई पहला मामला नहीं है इसके पहले भी पुलिस की लापरवाही के मामले सामने आ चुके है। यदि दोषी पुलिसकर्मी पर निलंबन और एफआईआर दर्ज नहीं किया जाता है तो ग्रामीणों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## वनभूमि पर कब्जा, भू माफिया सक्रिय

**जनकपुर।** वनकर्मियों की लापरवाही की वजह से इन दिनों विकासखंड़ मुख्यालय जनकपुर में बसाहट से लगी वनभूमि में कब्जा करने के लिए भू माफिया लगातार सक्रिय हैं, लेकिन विभाग द्वारा बेशकीमती वनभूमि में किए गए अवैध कब्जा को हटाने के लिए लंबे समय से किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने से भू माफिया लगातार कच्चे व पक्के मकान का निर्माण करने में जुटे हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले का विकासखंड़ मुख्यालय जनकपुर नगर के चारों ओर बसाहट से लगी हुई बेशकीमती वनभूमि मनेन्द्रगढ़ वनमंडल अंतर्गत कुंवारपुर परिक्षेत्र के पतवाही बीट में आता है। जनकपुर नगर की बसाहट से लगी हुई वनभूमि में पिछले एक दो वर्षों से लगातार भू-माफिया का बड़ा वर्ग कब्जा करने के लिए प्रयासरत हैं, खासकर वनपरिक्षेत्र कुंवारपुर का कंपार्टमेंट 1267 में वनकर्मियों की निष्क्रियता व मिलीभगत से भूमाफियाओं के लिए वनभूमि बेहद फायदेमंद साबित हो रहा है। जनकपुर नगर से चांटी रोड और भगवानपुर रोड में सड़क से ही जंगल की तरफ नजर डालने से बेशकीमती वनभूमि पर बेधड़क अवैध निर्माण होते दिखाई दे रहा है, लेकिन वनकर्मियों द्वारा अवैध कब्जा रोकने कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से वनभूमि में कब्जा करने की होड़ लगी है। वहीं भगवानपुर मार्ग में एक बड़े रसूखदार के द्वारा अपने निजी पट्टे के भूमि से लगी हुई लगभग 100 फीट से ज्यादा वनभूमि के रकबे पर दिन दहाड़े पक्का अहाता का निर्माण कार्य कर लंबे चौड़े क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है, लेकिन जिम्मेदार विभागीय अधिकारी-कर्मचारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई, इससे क्षेत्र के अमूल्य वनभूमि एवं अमूल्य वन संपदा की भारी क्षति हो रही है, जो कि जागरूक नगरवासियों के लिए बेहद चिंताजनक है।

## विधायक ने सीएम को पत्र लिखकर शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने की मांग

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने प्रदेश में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि विधानसभा सत्र में एक अतारांकित प्रश्न के जवाब में बताया गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग में प्रदेश में शिक्षक संवर्ग के 56601 पद रिक्त हैं। इतनी अधिक मात्रा में स्कूलों में शिक्षकों की कमी होने से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं पदोन्नति के पात्र शिक्षकों को समय पर पदोन्नति नही मिलने से उनमें भी नाराजगी है। उन्होंने प्रदेश के स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन तथा प्रदेश के डी एड एवं बी एड डिग्री धारी प्रशिक्षित बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करने के लिए शीघ्र ही शिक्षक भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की है।

रांची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने,अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

# पति ने पत्नी और ग्रामीण पर टांगी से हमला कर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पत्नी को पराए युवक के साथ देखकर आक्रोशित ग्रामीण ने पत्नी और उसके प्रेमी को मौत के घाट उतार दिया। आरोपी ने चरित्र शंका पर दोनों की टांगी से मारकर हत्या कर दी। देर रात हुए दोहरे हत्याकांड से क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। इस मामले में पुलिस ने सूचना मिलने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से घटना में प्रयुक्त टांगी को बरामद कर लिया है। बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम केसरा में मनोज मांझी ने अपनी पत्नी फूल कुंवर और लक्ष्मण मांझी की टांगी से मारकर हत्या कर दी है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा ग्राम केसरा में बैजनाथ के पुराने घर के अलग अलग कमरों में से शव बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि दोनों पर टांगी से हमला कर उन्हें मौत के घाट उतारा गया था। पुलिस द्वारा शवों को पीएम के लिए भेजने के साथ ही आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत केसरा परसापारा निवासी 40 वर्षीय मनोज मांझी आ. राम प्रसाद मांझी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी मनोज मांझी ने पुलिस को बताया कि 4 अप्रैल की शाम वह बिफन माझी के साथ टांगी लेकर लकड़ी काटने के लिए जंगल गया था। जब वह जंगल से लौटकर घर आया और अंदर पहुंचा तो उसकी पत्नी फूलकुंवर और गांव का लक्ष्मण मांझी एक साथ थे। दोनों को एक साथ देखने के बाद चरित्र शंका आक्रोशित होकर उसने टांगी से फूलकुंवर और लक्ष्मणमाझी पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे दोनों की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त टांगी बरामद करने के साथ ही बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

- दोहरे हत्याकांड से सहमे ग्रामीण, आरोपी पति गिरफ्तार



## पृष्ठ 1 का शेष

### 5वीं-8वीं की ...

जांच के लिए विकासखंड़ की कापियों को बदलकर जांच कराई जा रही है। सोनहत जनपद क्षेत्र के शिक्षकों को विकासखंड़ बैकुंठपुर अंतर्गत विद्यालयों की कापियों की जांच करनी है, जबकि बैकुंठपुर विकासखंड़ के शिक्षकों को सोनहत जनपद क्षेत्र की कापियों की जांच करनी है।

### भाजपा कार्यालय ...

स्थापना दिवस को घर-घर झंडा लगाकर प्रत्येक बूथ स्तर पर व्यापक रूप से मनाएं, जिससे पार्टी की विचारधारा और संगठन की शक्ति आम जनता तक पहुंचे। कार्यक्रम में रवि त्रिपाठी, सुदीप सोनी, अवधेश सिंह, रमेश सिंह, स्वामीनाथ पटेल, अनिल राजवाड़े, प्रखर गुप्ता, आशीष यादव, संतोष राजवाड़े, लव कुमार रवि, अभिषेक साहू, कुसुम जायसवाल, मंजू जीवनानी, कमला यादव, हरिओम साहू, परवेज आलम, पन्नालाल गोयन सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### पंचायत व नगरीय...

अधिकारी, जिला पंचायत कोरिया को नोडल अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर और सोनहत को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। ये अधिकारी इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करेंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411